**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–22 सितम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

1. केंद्र सरकार ने शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त करने के लिए की पहल, एडवाइजरी जारी कर मुख्य सचिवों को प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने का दिया निर्देश
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा साढ़े छह लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुकी है सरकार, नौकरी और रोजगार के लिए उपलब्ध कराई जा रही हैं संभावनाएं
3. प्रदेश के चयनित कुशल निर्माण श्रमिकों को इजराइल में दो वर्षों के लिए मिल सकेगा रोजगार
4. कानपुर की एक फैक्ट्री में आग लगने से छह श्रमिकों की मौत, एक घायल

**********

केंद्र सरकार ने युवाओं में तंबाकू के सेवन की समस्या से निपटने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को परामर्श जारी किया है। इसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय ने मुख्य सचिवों को तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों के संबंध में दिशानिर्देश और मैनुअल के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने को कहा है। पेश है एक रिपोर्ट–

***केंद्र सरकार द्वारा जारी परामर्श में तंबाकू सेवन के खतरनाक प्रभावों को रेखांकित किया गया है इसमें विशेष रूप से नाबालिगों और युवाओं को तंबाकू और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के उपयोग से बचाने के लिए तंबाकू मुक्त शैक्षिक संस्थान दिशा निर्देश जारी किए गए हैं इस परामर्श में ग्लोबल युक्त टबैको सर्वे 2019 के निष्कर्षों के हवाले से विशेष रूप से बच्चों और किशोरों पर तंबाकू सेवन के खतरनाक प्रभावों का उल्लेख किया गया है इसका लक्ष्य तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर और शैक्षिक संस्थानों में तंबाकू नियंत्रण उपायों को बढ़ावा देकर भावी पीढ़ियों की रक्षा करना है। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर के दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में सैमसंग इनोवेशन कैंपस द्वारा आयोजित प्रमाणपत्र वितरण समारोह में हिस्सा लिया । कार्यक्रम में गोरखपुर विश्वविद्यालय और इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट आईटीएम के बीटेक के करीब 600 छात्र–छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार साढ़े छह लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुकी है। उन्होंने कहा कि करोड़ों युवाओं को नौकरी और रोजगार के लिये निवेश की संभावनाएं उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार, उद्योग लगाने के साथ रोजगार की भी गारंटी दे रही है।

***आज हमारे पास 27 सेक्टोरियल पॉलिसिज है, हरेक सेक्टर की और हर पॉलिसी को हमने इंप्लायमेंट के साथ जोड़ा है। अपनी जो औद्योगिक विकास की पॉलिसी बनायी तो उसमें हमने औद्योगिक और रोजगार की पॉलिसी नाम उसको दिया। हमने कहा औद्योगिक निवेश होगा सरकार इंवेस्टमेंट देगी लेकिन इंसेस्टिव देगी लेकिन इंसेस्टिव के साथ उन्हें रोजगार देने की गारंटी भी हमें देनी है।***

इससे पहले मुख्यमंत्री ने कल ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की पचपनवीं और महंत अवेद्यनाथ की दसवीं पुण्यतिथि के तहत साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के समापन कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया । समारोह के आखिरी दिन ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जातीय विभेद, छुआछूत, और अशपृश्यता के चलते जब तक सामाजिक एकजुटता का अभाव रहेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता को चुनौती मिलती रहेगी। यही कारण है कि भारत की मार्गदर्शक संत परम्परा ने समाज को जोड़ने का संदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के सिविल लाइंस क्षेत्र में निर्माणाधीन गौरव संग्रहालय का कल शाम निरीक्षण भी किया।

**********

देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने वाराणसी जिले के चिकित्सा विज्ञान संस्थान आईएमएस बीएचयू के आयुर्वेद संकाय की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में कल हिस्सा लिया। अपने संबोधन में उन्होंने तिरुपति बालाजी के प्रसादन के मुद्दे पर चिंता जताई और कहा कि मिलावटपन को हिंदू शास्त्रों में पाप कहा गया है।

**********

सरकार ने एक सौ दिन की पहल के अंतर्गत गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस–जीईएम ने अपने प्लेटफार्म पर विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं के लेन–देन शुल्क में कटौती की है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि जीईएम प्लेटफार्म पर लेन–देन शुल्क लगभग 33 प्रतिशत कम कर दिया गया है जिससे विक्रेताओं को लाभ होगा और वे ज्यादा प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे। जीईएम ने पोर्टल के लिए नई राजस्व नीति की घोषणा है, जो इस वर्ष 9 अगस्त से प्रभावित हो गई है।

जीईएम के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजीत चौहान ने कहा कि बाकी लेन–देन पर नाममात्र शून्य दशमलव तीन शून्य प्रतिशत शुल्क लगेगा जो अधिकतम तीन लाख रुपये होगा।

*जन सहायक जो हम सभी लगभग हमारा जो प्रोग्राम अभी तैयार है। अभी हम उसको लांच कर रहे आरएफपी के द्वारा। सारी एंडस्ट्री में सारे देशभर में जिस–जिस को भी चाहे बायर हो या सेलर हो, उसको जो भी सर्विसेज चाहिए होगी। आने वाले 18 महीने में हम लोग पांच हजार लोगों को इनपैनल्ड करेंगे।*

**********

नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिए हैं। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लोग सरकार के सौ दिन पूरा होने पर काफी खुश हैं। काशी के जीआई विशेषज्ञ डॉ रजनीकांत ने आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि श्री मोदी ने अपने सौ दिन के कार्यकाल में जो एजेंडे तय किये थे, उसे समय रहते पूरा कर लिया।

*100 दिन के एजेंडे में किसान है, शिल्पी है, बुनकर है, महिलायें है और यहां तक की आदिवासी समाज के लोग अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति के, पिछड़े वर्ग के दिव्यांगजन है, तो उनके लिये जितनी भी योजनाओं को उन्होंने अपने रोडमैप में डाला था। उस रोडमैप को उन्होंने 100 दिन के अंदर में पूरा किया। दूसरी एक जो बहुत बड़ी उपलब्धि है, जो वृद्धजन थे, 70 वर्ष के आयु के ऊपर के लोग सबसे अधिक मेडिकल की आवश्यकता उनको होती है तो जो उन्होंने घोषणा किया था कि हम 100 दिन के अन्दर उसको पूरा करेंगे वह उन्होंने उसको पूरा किया।*

**********

लोकसभा में नेता प्रविपक्ष राहुल गांधी के पिछले दिनों अमेरिका में सिखों के बारे में दिये गए बयान को लेकर कल लखनऊ और मिर्जापुर सहित कई जिलों में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस बीच, एक दिन पहले वाराणसी में अधिवक्ता और भाजपा पदाधिकारी अशोक कुमार की तहरीर पर राहुल गांधी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 के तहत मुकदमा भी पंजीकृत किया गया है।

**********

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत लखनऊ के एसजीपीजीआई में कल क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली प्रदान की गई। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने भी हिस्सा लिया।

**********

प्रदेश के चयनित कुशल निर्माण श्रमिकों को एक लाख सैंतीस हजार पांच सौ रुपये के वेतनमान पर दो वर्षों के लिए इजराइल में रोजगार मिलेगा। इससे संबंधित सभी विवरण सेवायोजन विभाग के पोर्टल रोजगार संगम डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध हैं। व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने कहा है कि इजराइल के साथ इस संबंध में हुआ समझौता कुशल निर्माण श्रमिकों को अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी योग्यता साबित करने का सुनहरा मौका देगा।

**********

वाराणसी जिले में पंद्रह नवम्बर को देव दीपावली पर इस साल बारह लाख दीप जलाए जाएंगे। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि प्रदेश सरकार की पहल पर जनसहभागिता से काशी के 84 से अधिक घाटों पर दीये जलाए जाएंगे। इनमें तीन लाख दिये गाय के गोबर से बने होंगे।

**********

कानपुर देहात के रनियागंज थानाक्षेत्र में कल एक फैक्ट्री में आग लगने से छह श्रमिकों की मौत हो गई जबकि एक घायल श्रमिक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, औरैया जिले में आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर एटवा कटरा थाना क्षेत्र के हरनागरपुर गांव के पास कल दोपहर एक तेज रफ्तार कार सड़क पर खड़े डंपर से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार चालक समेत कार में सवार दो महिलाओं व एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।

**********

प्रदेश के चौबीस जिलों की उन्चास तहसीलें बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ प्रभावित बस्ती, प्रयागराज, उन्नाव, हरदोई और फर्रुखाबाद में कल जनप्रतिनिधियों ने बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया। सिंचाई विभाग के अनुसार गंगा नदी बदायूं जिले के कछलाब्रिज पर, बलिया जिले में, फर्रुखाबाद के फतेहगढ़ में, कन्नौज के गुमटिया और कानपुरनगर के अंकित घाट पर खतरे के निशान से ऊपर है। घाघरा नदी बलिया के तुर्तीपार में और रामगंगा नदी शांहजहांपुर जिले के डाबरी में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

**********